प्रयुक्त यांत्रिकी विभाग
मोतीलाल नेहरू राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान इलाहाबाद
प्रयागराज–211004 (उ0प्र0), भारत
Department of Applied Mechanics
Motilal Nehru National Institute of Technology Allahabad
Prayagraj-211004 (U.P.) India

प्रो0 अक्षय रंजन पॉल
आचार्य एवम् विभागाध्यक्ष

पत्रांक संख्याः 181 /प्र0यां0वि0/संचिका नं0-167 / 2025–26 4|4|25 दिनांकः 03 अप्रैल, 2025

<u>श्रीमान सहायक निदेशक (राजभाषा)</u>

महोदय, दिनांक 26 मार्च, 2025 को विभाग ने ***"हिन्दी की बढ़ती वैश्विक स्वीकार्यता एवम् बौद्धिक विकास में भाषाई पोषण महत्व पर"*** विषयक पर एक दिवसीय हिन्दी कार्यशाला का आयोजन किया था। इस कार्यशाला की रिपोर्ट तथा कुछ फोटोग्राफ्स् आपके अवलोकनार्थ एवम् रिकार्ड हेतु इस पत्र के साथ संलग्नित करके प्रेषित है।

अक्षय 03/04/2025

(अक्षय रंजन पॉल)
आचार्य एवम् विभागाध्यक्ष

विभागाध्यक्ष/Head
प्रयुक्त यांत्रिकी विभाग
Department of Applied Mechanics
मो0ने0रा0प्रौ0 संस्थान इलाहाबाद, प्रयागराज-211004
MNNIT Allahabad Prayagraj-211004

<u>संलग्नकः</u> कार्यशाला रिपोर्ट फोटोग्राफ्स् सहित।

"हिन्दी की बढ़ती वैश्विक स्वीकार्यता एवम् बौद्धिक विकास में भाषाई पोषण महत्व पर – एक दिवसीय हिन्दी कार्यशाला

(दिनांक 26 मार्च, 2025)

मोतीलाल नेहरू राष्ट्रीय प्रौद्योगिक संस्थान इलाहाबाद के प्रयुक्त यांत्रिकी विभाग द्वारा दिनांक 26 मार्च, 2025 को ***"हिन्दी की बढ़ती वैश्विक स्वीकार्यता एवम् बौद्धिक विकास में भाषाई पोषण महत्व पर"*** विषयक पर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन विभाग के सेमिनार कक्ष में किया गया। इस कार्यशाला की शुरूआत माँ सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यापर्ण तथा दीपप्रज्जवलन के साथ हुयी। इस कार्यशाला में उपस्थित हुये समस्त गणमान्य अतिथियों तथा प्रतिभागियों का स्वागत और अभिनंदन विभागाध्यक्ष प्रो0 अक्षय रंजन पॉल के द्वारा किया गया। इस कार्यशाला के मुख्य अतिथि के रूप में आचार्य गिरिजा शंकर शुक्ल, भूतपूर्व निदेशक, स्वास्थय विज्ञान शाखा, राजर्षि टंडन मुक्त विश्वविद्यालय द्वारा अपना अभिभाषण तथा प्रशिक्षण कार्यक्रम दिया। इस कार्यशाला के विशेष अतिथि इलाहाबाद विश्वविद्यालय इलाहाबाद के हिन्दी विभाग के आचार्य प्रो0 राजेश कुमार गर्ग, आचार्य, हिन्दी विभाग, इलाहाबाद विश्वविद्यालय इलाहाबाद रहे। इन्होने भी उपरोक्त शीषर्क पर अपने प्रशिक्षण से प्रतिभागियों को अपने ज्ञान से अवगत कराया। इस कार्यक्रम की अध्यक्षता संस्थान के निदेशक महोदय प्रो0 रमाशंकर वर्मा जी के द्वारा किया गया तथा इसका संचालन संस्थान के सहायक निदेशक (राजभाषा) श्री प्रमोद कुमार द्विवेदी के द्वारा किया गया। इस कार्यशाला में हिन्दी की बढ़ती वैश्विक स्वीकार्यता तथा मनुष्य के भौतिक विकास पर उसके भाषाई पोषण पर एक चर्चा की गयी। इस कार्यशाला में इसी शीषर्क पर एक प्रशिक्षण कार्यक्रम का भी आयोजन किया गया। इस कार्यशाला में संस्थान के विभिन्न विभागो से आये लगभग 60 प्रतिभागियों ने भाग लिया।

इस कार्यशाला के समापन पर विभागाध्यक्ष प्रो0 अक्षय रंजन पॉल द्वारा सभी गणमान्य अतिथियों, संस्थान के निदेशक महोदय, सहायक निदेशक (राजभाषा) तथा उपस्थित रहे सभी प्रतिभागियों को इस कार्यशाला को सफल बनाने के लिये धन्यवाद ज्ञापित किया गया।

एक दिवसीय हिन्दी कार्यशाला
दिनांक 26 मार्च 2025
प्रयुक्त यांत्रिकी विभाग
मोतीलाल नेहरू राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान इलाहाबाद
प्रयागराज-211004





एक दिवसीय हिन्दी कार्यशाला
दिनांक 26 मार्च 2025

एक दिवसीय हिन्दी कार्यशाला